# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-1

( पंजीयन-633/2003 )

Truth will Triumph

अध्यक्ष
वैद्यनाथ प्रसाद
( बी. एन. प्रसाद )

महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
( बी. के. सिन्हा )

दूरभाष
अध्यक्ष : 2221706 (O) 2590816 (R)
महासचिव : 2286093 (R)
उपाध्यक्ष : ( श्री शर्मा ) 2353207 (R)
कोषाध्यक्ष : 2262597 (R)

उपाध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
अर्जुन प्रसाद

संयुक्त सचिव
सहादत हसन मन्टू
रजनीश कुमार सिंह

कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता


पत्र संख्या 31

दिनांक 8-11-04

**दिनांक 30.10.2004 को सम्पन्न केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक की कार्यवाही ।**

---

(1) उपस्थिति पंजी के अनुसार

(2) बैठक की अध्यक्षता श्री कृष्ण मुरारी शर्मा, उप सचिव, खाद्य आपूर्ति एवं वाणिज्य विभाग-सह-वरीय उपाध्यक्ष द्वारा की गयी ।

(3) सर्वसम्मति से गत बैठक की कार्यवाही की सम्पुष्टि की गयी ।

(4) संघ भवन की जर्जर स्थिति में सुधार हेतु छत मरम्मति एवं अन्य कार्यो के लिए कुल 36,000 (छत्तीस हजार) रूपये की स्वीकृति दिनांक 31.07.2004 की कार्यकारिणी समिति की बैठक में दी गयी थी । परन्तु कार्यो के मुल्यांकन के आधार पर भवन निर्माण के संलग्न अभियंता एवं संघ के कार्यकारिणी समिति के सदस्य श्री आर0 के0 प्रसाद, अवर सचिव, भवन निर्माण विभाग ने बताया गया कि भवन के अन्य मरम्मति कार्यो एवं रंगाई, पुताई और बिजली के कार्यो के लिए उपर्युक्त स्वीकृत राशि के अतिरिक्त 40,000/- (चालीस हजार) रूपये की और आवश्यकता होगी । केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति ने उपर्युक्त प्रस्ताव की स्वीकृति करते हुए राशि उपलब्ध कराने हेतु कोषाध्यक्ष से अनुरोध किया गया।

(5) श्री बैद्यनाथ प्रसाद, निदेशक प्रशासन-सह-उप सचिव द्वारा उनकी भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नति के फलस्वरूप संघ के अध्यक्ष के पद से त्यागपत्र पर विचार किया गया । विचारोपरान्त सर्वसम्मति से निम्नलिखित निर्णय लिए गए :-

(1) श्री बैद्यनाथ प्रसाद, अध्यक्ष द्वारा एक वर्ष की अवधि में किए गए कार्यो की प्रशंसा की गयी तथा कार्यकारिणी समिति द्वारा उनसे अनुरोध किया गया कि इस कार्यकारिणी समिति की अवधि तक वे पूर्व की भाँति मार्गदर्शन देते रहेंगे, जिससे संघ को उनके संघीय कार्यो के अनुभव का लाभ मिलता रहे ।

अध्यक्ष
**वैद्यनाथ प्रसाद**
( बी. एन. प्रसाद )

महासचिव
**विपिन कुमार सिन्हा**
( बी. के. सिन्हा )

दूरभाष
अध्यक्ष : 2221706 (O) 2590816 (R)
महासचिव : 2286093 (R)
उपाध्यक्ष : ( श्री शर्मा ) 2353207 (R)
कोषाध्यक्ष : 2262597 (R)

उपाध्यक्ष
**कृष्ण मुरारी शर्मा**
**अर्जुन प्रसाद**

संयुक्त सचिव
**सहादत हसन मन्टू**
**रजनीश कुमार सिंह**

कोषाध्यक्ष
**महेश प्रसाद गुप्ता**


पत्र संख्या                  दिनांक



साथ ही उनके द्वारा प्रकाशित कराए जा रहे पत्रिका "प्रशासन" को संघ के सदस्यों के लिए लाभप्रद बताते हुए उन्हें इसके लिए धन्यवाद दिया गया। प्रशासन पत्रिका की छपाई में गत वर्ष से अब तक कोई राशि संघ के निधि से वहन नहीं करना पड़ा है।

(2) कार्यकारिणी समिति द्वारा श्री प्रसाद के त्यागपत्र को स्वीकृत करते हुए वरीय उपाध्यक्ष श्री कृष्ण मुरारी शर्मा, उप सचिव, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के सर्वसम्मति से अध्यक्ष के पद पर कार्य करने हेतु मनोनीत/प्राधिकृत किया गया।

(3) गत वर्ष संघ की वार्षिक आम सभा 19.10.2003 को बुलाई गयी थी। कार्यकारिणी समिति में बिहार प्रशासनिक सेवा संघ की अगली वार्षिक आम सभा बुलाने के बिन्दु पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में सदस्यों द्वारा यह जानकारी दी गयी कि आसन्न विधान सभा के चुनाव हेतु मतदाता सूची तैयार करने एवं प्रारूप/अंतिम प्रकाशन में हमारे क्षेत्रीय पदाधिकारी संलग्न है। फलस्वरूप मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन (03.12.2004) एवं पंचायत निकायों/नगर परिषद के आसान्न चुनाव को ध्यान में रखते हुए, दिसम्बर के प्रथम सप्ताह में कार्यकारिणी समिति की बैठक में समय/तिथि निर्धारित करने पर विचार करने का निर्णय लिया गया।

(4) केन्द्रीय वेतनमान सहित कुछ अन्य लाभ राज्य कर्मियों एवं बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों को प्राप्त है। परन्तु फिटमेंट समिति के अनुशंसा के अनुरुप बिहार प्रशासनिक सेवा सहित अन्य राज्य कर्मियों को सेवानिवृति की आयु सीमा अब तक 60 वर्ष नहीं की गयी है और न वेतनमान में 50 प्रतिशत मंहगाई भत्ता जोड़ने का आदेश ही राज्य सरकार द्वारा निर्गत किया गया है। सदस्यों की आम राय थी कि इन दोनों मांग सहित पूर्व से

Truth will Triumph

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-1

( पंजीयन-633/2003 )

अध्यक्ष
वैद्यनाथ प्रसाद
( बी. एन. प्रसाद )
महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
( बी. के. सिन्हा )

दूरभाष
अध्यक्ष : 2221706 (O) 2590816 (R)
महासचिव : 2286093 (R)
उपाध्यक्ष : ( श्री शर्मा ) 2353207 (R)
कोषाध्यक्ष : 2262597 (R)

उपाध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
अर्जुन प्रसाद
संयुक्त सचिव
सहादत हसन मन्टू
रजनीश कुमार सिंह
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता

पत्र संख्या　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक



लम्बित मांग बिहार प्रशासनिक सेवा के बेसिक ग्रेड के पदाधिकारियों का वेतनमान 8000-13500 करने के बिन्दु पर राज्य सरकार/मुख्यमंत्री को पुनः एक ज्ञापन दिया जाय। अन्य राज्यों में राज्य प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों को 8000-13500/- का वेतनमान दिया जा रहा है। सेवानिवृति की उम्र सीमा भी 58 से 60 वर्ष बढ़ा दी गयी है एवं 50 प्रतिशत मंहगाई भत्ता भी कई राज्यों में (झारखण्ड राज्य सहित) मूल वेतन में समायोजित कर दिया (merge) गया है।

विदित हो कि बिहार झारखण्ड के कई सेवा के पदाधिकारियों का कैडर विभाजन लम्बित है। ऐसी स्थिति में अगर इन दोनों राज्यों में सेवानिवृति की उम्र सीमा तथा वेतनमान में 50 प्रतिशत मंहगाई भत्ता अलग-अलग होगा, तो कई अनियमितताओं (anamaly) का सामना करना पड़ सकता है। अतः संघ राज्य सरकार से मांग करती है कि (1) सेवानिवृति की उम्र सीमा 58 से 60 वर्ष किया जाय। (2) वेतनमान में 50 प्रतिशत मंहगाई भत्ता जोड़कर दिया जाय। (3) बिहार प्रशासनिक सेवा के बेसिक ग्रेड के पदाधिकारियों का वेतनमान 8000-13500/- तुरन्त स्वीकृत करें।

(5) बिहार प्रशासनिक सेवा के बेसिक ग्रेड के अनुमण्डल पदाधिकारी/अवर सचिव के रिक्त पदाधिकारियों का पैनल, प्रोन्नति हेतु संलेख बना कर अनुमोदन हेतु माननीया मुख्यमंत्री को कार्मिक विभाग द्वारा भेज दिया गया है।

(2) अपर जिला दण्डाधिकारी/उप सचिव से उप विकास आयुक्त/संयुक्त सचिव में प्रोन्नति हेतु मंत्री परिषद द्वारा स्वीकृति दे दी गयी है। कुल 60 पदों को भरने का इस स्तर पर प्रस्ताव था। प्रस्ताव स्वीकृत कर लिया गया है।

TWI
Truth will Triumph

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–1
( पंजीयन–633/2003 )

अध्यक्ष
वैद्यनाथ प्रसाद
( बी. एन. प्रसाद )
महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
( बी. के. सिन्हा )

दूरभाष
अध्यक्ष : 2221706 (O) 2590816 (R)
महासचिव : 2286093 (R)
उपाध्यक्ष : ( श्री शर्मा ) 2353207 (R)
कोषाध्यक्ष : 2262597 (R)

उपाध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
अर्जुन प्रसाद
संयुक्त सचिव
सहादत हसन मन्टू
रजनीश कुमार सिंह
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता

पत्र संख्या दिनांक



(3) अनुमंडल दण्डाधिकारी/अवर सचिव से अपर जिला दण्डाधिकारी/ उप सचिव स्तर पर कुल 206 पदाधिकारियों की प्रोन्नति हेतु संचिका कार्मिक विभाग द्वारा शीघ्र भेजा जा रही है।

(4) बेसिक ग्रेड के पदाधिकारियों की सेवा सम्पुष्टि एवं अन्य मामलों की स्थिति संतोषप्रद है, परन्तु शेष मामलों के त्वरित निष्पादन हेतु सचिव, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग से अनुरोध किया गया है।

(6) अध्यक्ष द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के बाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

(कृष्ण मुरारी शर्मा)
अध्यक्ष

प्रतिलिपि : उपाध्यक्ष/कोषाध्यक्ष/संयुक्त सचिव/केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्यों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

8/11/04

(विपिन कुमार सिन्हा)
महासचिव

प्रतिलिपि : अध्यक्ष/सचिव सभी जिला इकाई को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

8/11/04

(विपिन कुमार सिन्हा)
महासचिव

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-1

( पंजीयन-633/2003 )

Truth will Triumph

अध्यक्ष
वैद्यनाथ प्रसाद
( बी. एन. प्रसाद )
महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
( बी. के. सिन्हा )

दूरभाष
अध्यक्ष : 2221706 (O) 2590816 (R)
महासचिव : 2286093 (R)
उपाध्यक्ष : ( श्री शर्मा ) 2353207 (R)
कोषाध्यक्ष : 2262597 (R)

उपाध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
अर्जुन प्रसाद
संयुक्त सचिव
सहादत हसन मन्टू
रजनीश कुमार सिंह
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता


पत्र संख्या दिनांक



प्रतिलिपि : माननीया मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव/मुख्य सचिव, बिहार सरकार/वित्त आयुक्त, बिहार सरकार/सचिव कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

8/11/04

(विपिन कुमार सिन्हा)
महासचिव

प्रतिलिपि : मुख्यमंत्री के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि संघ के मांग के संबंध में माननीय मुख्यमंत्री को अवगत कराने की कृपा करेंगे।

8/11/04

(विपिन कुमार सिन्हा)
महासचिव